देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 320 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 2 फरवरी 2020

रविवासरीय...अभिनय का असली मतलब





मौसम अधिकतम 18.0° न्यूनतम 6.0°

39735.53

2 'हिंदुओं की चलेगी' शाहीन बाग में

7 हार्दिक पंड्या पूरी तरह फिट नही

## विजन भी है और ऐक्शन भी, रोजगार बढ़ेगा: पीएम मोदी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट की तारीफ करते हुए कहा कि इसमें रोजगार बढ़ाने और अर्थव्यवस्था को गति देने पर काफी जोर दिया गया है। पीएम ने कहा कि नए दशक के पहले बजट में विजन भी है, ऐक्शन भी। इसके लिए वित्त मंत्री और उनकी पूरी टीम को बहुत–बहुत बधाई।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बजट में कई नए रिफॉर्म्स का ऐलान किया गया है जो अर्थव्यवस्था की नींव को मजबूत करेंगे। उन्होंने भरोसा जताया कि यह बजट आय और निवेश, मांग और खपत को बढ़ाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, बजट में जिन नए रिफॉर्म्स का ऐलान किया है वे अर्थव्यवस्था को गति देने, देश के हर नागरिक को आर्थिक रूप से सशक्त करने और इस दशक में अर्थव्यवस्था की नींव को मजबूत करने और गति देने का काम करेंगे।

# नए इनकम टैक्स स्लैब की घोषणा

**बजट 2020:** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को पेश बजट में करदाताओं को इनकम टैक्स पे करने के दो विकल्पों का तोहफा दिया है। क्या आप टैक्स बचाने के लिए सेविंग नहीं कर पाते हैं? अगर हां, तो बजट एक नए टैक्स स्लैब के साथ आपके लिए बड़ी खुशखबरी लेकर आ गया है।



## छूट नहीं लेने पर घट जाएंगे टैक्स रेट्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में एक नए टैक्स स्लैब का ऐलान किया। यह टैक्स स्लैब पहले से चले आ रहे टैक्स स्लैब से अलग रहेगा। जो टैक्सपेयर्स इनकम टैक्स ऐक्ट के तहत मिल रही टैक्स छूट नहीं चाहते हैं, वे कम टैक्स रेट वाले इस स्लैब का चुनाव कर सकते हैं। यह पूरी तरह टैक्सपेयर पर रहेगा कि वह अपनी फाइनैंशल प्लैनिंग के हिसाब से कौन सा टैक्स स्लैब चुनना चाहता है।

क्या है यह नया टैक्स स्लैब

- 5 लाख से 7.5 प्रतिशत लाख तक की आमदनी पर 10 प्रतिशत टैक्स देना होगा।
- 7.5 लाख से 10 लाख तक की आमदनी पर 15 प्रतिशत की दर से टैक्स देना होगा।
- 10 लाख से 12.5 लाख तक की आमदनी पर 20 प्रतिशत से टैक्स लगेगा।
- 12.5 लाख से 15 लाख तक 25 प्रतिशत की दर से टैक्स लगेगा।
- 15 लाख रुपये से ऊपर की टैक्सेबल इनकम पर पहले की तरह ही 30 प्रतिशत की दर से टैक्स लगता रहेगा।

## निर्मला सीतारमण ने रचा इतिहास, पढ़ा अब तक का सबसे लंबा बजट भाषण

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को इतिहास रच दिया। निर्मला का बजट 2020 भाषण स्वतंत्र भारत के इतिहास का सबसे लंबा भाषण बन गया। सीतारमण ने अपना भाषण सुबह 11 बजे शुरू किया था और यह 1 बजकर 40 मिनट तक चला यानी करीब 2 घंटे 40 मिनट तक वित्त मंत्री भाषण पढ़ती रहीं।

करीब पौने तीन घंटे लंबे बजट भाषण के आखिर में गला खराब होने की वजह से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आखिरी दो– तीन पेज नहीं पढ़ पाईं और उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष की अनुमति से उसे पढ़ा मानकर सदन के पटल पर रख दिया।

इससे पहले यह रेकॉर्ड जसवंत सिंह के नाम था। उन्होंने 2003 में 2 घंटे 15 मिनट तक बजट भाषण पढ़ा था। कश्मीरी कवि पंडित दीनानाथ कौल नदीम की कश्मीरी भाषा में लिखी कविता पढ़ी। उन्होंने इसका अनुवाद हिंदी में भी किया। कविता के बोल थे–

*हमारा वतन खिलते हुए शालीमार बाग जैसा हमारा वतन डल लेक में खिलते हुए कमल जैसा नवजवानों के गरम खून जैसा मेरा वतन, तेरा वतन, हमारा वतन, दुनिया का सबसे प्यारा वतन।*

### बैंक डूबा तब भी सेफ रहेंगे आपके 5 लाख रुपये

बजट में सरकार ने आपके बैंक डिपॉजिट को लेकर बड़ा ऐलान किया है। बैंक जमा पर अब आपको 5 लाख रुपये तक की गारंटी मिलेगी। यानी बैंक में आपके 5 लाख रुपये रहेंगे बिल्कुल सेफ। बैंकों में पैसा जमा कराने वालों के लिए इंश्योरेंस कवर 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया गया है।

**पर्यटन को बढ़ावा:** वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार पांच पुरातात्विक स्थलों का कायाकल्प करेगी। ये पुरातात्विक स्थान होंगे राखीगढ़ी(हरियाणा), हस्तिनापुर(यूपी), शिवसागर(असम), धोलावीरा(गुजरात) और आदिचेल्लनूर (तमिलनाडु)।

**मौजूदा बिजली मीटर की जगह लेंगे प्री पेड मीटर:** बजट में भविष्य की योजनाओं पर बात करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बिजली मीटर बदलने की बात भी की। निर्मला सीतारमण ने कहा कि आने वाले वक्त में देशभर में प्री पेड मीटर लगेंगे। यह स्मार्ट मीटर होगा, जिसकी मदद से सप्लायर और रेट चुनने का विकल्प होगा। बजट में वित्त मंत्री ने 22 हजार करोड़ रुपए ऊर्जा क्षेत्र को दिए।

**कृषि बाजारों को उदार बनाने की जरूरत :** वित्त मंत्री निर्मला ने कहा, कृषि बाजारों को उदार बनाने की जरूरत है। सीतारमण ने कहा कि सरकार, खेती को बढ़ावा देने और किसानों के कल्याण के लिए किसानों की आय बढ़ाने के लिए 16 अहम फैसले लिए गए हैं।

### प्रसिद्ध स्थलों को जोड़ेंगी तेजस जैसी और ट्रेनें

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे काफी बड़ा बड़ा नेटवर्क है। बजट में इसे लेकर जो घोषणाएं होती हैं काफी अहमियत रखती हैं। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि 550 रेलवे स्टेशनों पर वाई फाई सुविधा दी गई है। उन्होंने कहा, 27 हजार किलोमीटर रेलवे ट्रैक का इलेक्ट्रिफिकेशन किया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि तेजस जैसी और ट्रेनों के माध्यम से प्रसिद्ध स्थलों को जोड़ने की भारत सरकार की योजना है।

**10 प्रतिशत आर्थिक विकास दर हासिल करने का लक्ष्य:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण के दौरान बताया कि वित्त वर्ष 2020–21 में दस फीसद आर्थिक विकास दर हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। जैसे ही वित्त मंत्री ने यह बात कही, वैसे ही सदन में विपक्ष ने हल्ला करना शुरू कर दिया। दरअसल, देश की आर्थिक सुस्ती को लेकर विपक्ष लगातार केंद्र सरकार पर हमला कर रहा है। कई क्षेत्र आर्थिक सुस्ती के कारण परेशानी का सामना कर रहे हैं। रोजगार को लेकर भी विपक्ष केंद्र पर हमलावर है। ऐसे में 10 प्रतिशत आर्थिक विकास दर हासिल करना बेहद मुश्किल नजर आता है।

# जानें, क्या-क्या हुए महंगे और क्या हुए सस्ते

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय बजट में टैक्स बढ़ोतरी के प्रस्ताव की वजह से सिगरेट, चबाने वाले तंबाकू के साथ–साथ खाद्य तेल, पंखे, फुटवेअर, किचनवेयर, खिलौने और फर्निचर जैसे आयातित सामान महंगे होने जा रहे हैं। दूसरी तरफ न्यूजप्रिंट, खेल के सामान, माइक्रोफोन सस्ते होंगे।

आइए एक नजर डालते हैं कि किन–किन सामानों पर आपको पहले के मुकाबले ज्यादा जेब ढीली करनी पड़ेगी और कौन से सामान सस्ते हुए हैं।

ये हुए महंगे

- बटर घी, बटर ऑइल, खाद्य तेल, पीनट बटर
- छाछ, मेसलिन, मक्का, सुगर बीट सीड्स, संरक्षित आलू, च्यूइंग गम, डाइट वाला सोया फाइबर, आइसोलेटेड सोया प्रोटीन, अखरोट
- फुटवेअर, शेवर्स, हेयर क्लिपर्स, हेयर–रिमूविंग उपकरण, टेबलवेयर, किचनवेयर, वॉटर फिल्टर, ग्लासवेयर, चीनी मिट्टी के बने घरेलू सामान, माणिक, पन्ना, नीलम और दूसरे कीमती रत्न
- ताला, हाथ वाली छननी,कंघी, हेयरपिन, कर्लिंग पिन, कर्लिंग ग्रिप, हेयर कर्लर
- टेबल फैन, सीलिंग फैन और पेडेस्टल फैन, पोर्टेबल ब्लोअर, वॉटर हीटर और इमर्सन हीटर
- हेयर ड्रायर, हैंड ड्राइंग मशीन और इलेक्ट्रिक आइरन, फूड ग्राइंडर, ओवन, कूकर, कूकिंग प्लेट, बॉइलिंग रिंग्स, ग्रिलर और रोस्टर
- कॉफी और चाय बनाने की मशीन, टोस्टर

ये हुए महंगे

- प्योर–ब्रेड ब्रीडिंग हॉर्स
- न्यूजप्रिंट सी
- खेल के सामान
- माइक्रोफोन
- इलेक्ट्रिक वीइकल

- इलेक्ट्रो–थर्मिक फ्लुइड हीटर, कीटनाशक उपकरण और इलेक्ट्रिक हीटिंग रेजिस्टर
- फर्निचर, लैंप और लाइटिंग फिटिंग
- खिलौने, स्टेशनरी आइटम, आर्टिफिशल फ्लॉवर, बेल्स, ट्रॉफी
- मोबाइल फोन के प्रिंटेड सर्किट बोर्ड असेंबली, डिस्प्ले पैनल और टच असेंबली, फिंगरप्रिंट रीडर
- सिगरेट, हुक्का, चबाने वाले तंबाकू, सुगंधित जर्दा

# थरूर को भाया बजट, राहुल गांधी बोले– नौकरी कहां

नई दिल्ली। **एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट भाषण के दौरान भी सदन में काफी हंगामा हुआ। विपक्ष ने सबसे ज्यादा हंगामा तब किया, जब निर्मला सीतारमण ने कहा कि वित्त वर्ष 2020–21 में 10 फीसद आर्थिक विकास दर हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। कांग्रेस ने आम बजट को दिशाहीन करार देते हुए कहा है कि ऐसा लग रहा है कि पीएम और वित्त मंत्री को सूझ ही नहीं रहा कि आगे क्या करें। हालांकि, कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने इतना जरूर माना इनकम टैक्स के मोर्चे पर सरकार का कदम मिडिल क्लास को राहत देने वाला है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने

### सदन में विपक्ष ने किया काफी हंगामा

कहा कि बजट भाषण भले ही अबतक का सबसे लंबा हो लेकिन इसमें कुछ नहीं था।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने भी कहा कि बजट में रोजगार के लिए कुछ भी नहीं किया गया। उन्होंने दावा किया कि सरकार अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने, निजी निवेश को प्रोत्साहित करने और रोजगार के अवसर पैदा करने की उम्मीद छोड़ चुकी है। चिदंबरम ने कहा, सरकार यह नहीं मान रही है कि अर्थव्यवस्था संकट में है। सरकार सुधार में यकीन नहीं करती।